DATE :- 19-01-2026
DAINIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT

**भास्कर एनालिसिस** ट्रैफिक सर्वे में यात्रियों की आवाजाही, ट्रेन फ्रीक्वेंसी, सुरक्षा मानक जैसे पहलुओं का अध्ययन करेंगे

# मेट्रो प्रोजेक्ट का सिविल वर्क 93% पूरा; ड्रीम सिटी-अलथाण सेक्शन पर सबसे पहले ट्रेन दौड़ाने को 8 किमी एलिवेटेड ट्रैक तैयार, इसी माह पैसेंजर ट्रैफिक सर्वे शुरू करेंगे

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो ट्रेन का ट्रायल इसी साल के अंत तक करने की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इसी के तहत जनवरी के अंतिम सप्ताह में यात्रियों की संभावित संख्या और ट्रैवल पैटर्न को समझने के लिए पैसेंजर ट्रैफिक सर्वे किया जाएगा। मेट्रो रेल के अधिकारियों के अनुसार लगभग 15 दिनों में पैसेंजर ट्रैफिक सर्वे शुरू कर दिया जाएगा। इस सर्वे में ड्रीम सिटी-अलथाण समेत प्रमुख रूट पर आवाजाही, कनेक्टिविटी आदि का अध्ययन किया जाएगा। सर्वे के आंकड़ों के आधार पर ट्रेन फ्रीक्वेंसी और ऑपरेशनल प्लान तैयार किया जाएगा।

## अंडरग्राउंड टनल का काम 500 मीटर शेष, स्टेशन निर्माण भी अंतिम चरण में है

### पैसेंजर ट्रैफिक सर्वे में इन पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा

- यात्रियों की आवाजाही, पीक ऑवर्स में संभावित ट्रैफिक।
- कनेक्टिविटी और फीडर सर्विस, ट्रेन फ्रीक्वेंसी, ऑपरेशनल प्लान।
- बस, ऑटो और अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट से मेट्रो स्टेशनों तक आसान पहुंच।
- सुरक्षा मानक, ऑपरेशन और मेंटेनेंस



**अंडरग्राउंड टनल लगभग तैयार** | मेट्रो के अंडरग्राउंड सेक्शन में भी काम तेजी से बढ़ रहा है। डाउनलाइन में करीब 6.5 किमी लंबी टनल का काम पूरा हो चुका है, जबकि अपलाइन में सिर्फ लगभग 500 मीटर का कार्य शेष है। यह शेष काम भी अगले महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अंडरग्राउंड सेक्शन में सिस्टम टेस्टिंग और ट्रायल की प्रक्रिया शुरू होगी।

### मेट्रो प्रोजेक्ट की प्रोग्रेस

- मेट्रो रेल के दोनों कॉरिडोर पर सिविल वर्क 93 फीसदी तक पूरा किया जा चुका है।
- ट्रैक बिछाने, अंडरग्राउंड टनल और स्टेशन निर्माण का काम अंतिम चरण में है।
- एलिवेटेड वायडक्ट का काम लगभग पूरा।
- पाइल्स, पाइल कैप्स और पिलर का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है।
- लाइन-1 और लाइन-2 के कुल 27.5 किमी तक एलिवेटेड वायडक्ट के सेगमेंट इरेक्शन का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- मेट्रो कॉरिडोर-2 में भेंसाण डिपो रैम्प से अडाजण गाम स्टेशन तक 6 किलोमीटर लंबे वायडक्ट का काम भी पूरा हो गया है।

### मेट्रो ट्रेन पायलट रहित तकनीक से लैस व ग्लोबल स्टैंडर्ड की होगी

मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट पर कापोद्रा और सेंट्रल वेयरहाउस मेट्रो स्टेशन पर फिनिशिंग, इलेक्ट्रिकल, सिग्नलिंग और अन्य सिस्टम इंस्टॉलेशन का काम चल रहा है। एलिवेटेड स्टेशनों पर भी प्लेटफॉर्म, एंट्री-एग्जिट और यात्री सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी साल मेट्रो ट्रेन के रेक भी आने वाले हैं। मेट्रो की ट्रेन पायलट-रहित तकनीक से लैस, ग्लोबल स्टैंडर्ड की होगी मेट्रो रेल के अधिकारियों के मुताबिक, सूरत मेट्रो अत्याधुनिक और ग्लोबल स्टैंडर्ड की होगी। यह पायलट-रहित (ड्राइवरलेस) तकनीक से लैस होगी।